Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding establishment of a degree college in Paroo Block in Vaishali Parliamentary Constituency.

श्रीमती वीणा देवी (वैशाली): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं केन्द्र सरकार के संज्ञान में लाना चाहती हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पारू प्रखण्ड सबसे बड़ा प्रखण्ड है, जिसमें 34 पंचायत हैं। यहाँ कोई डिग्री कॉलेज नहीं है। यहाँ की अधिकतम आबादी न्यूनतम आय वर्ग की है। यहाँ से 70 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय छपरा में या गोपालगंज में डिग्री कॉलेजेज हैं।

यहाँ के बच्चों को अधिक दूरी तय करके वहाँ जाना पड़ता है, जिसकी वजह से बहुत-से बच्चे आर्थिक कारणों से उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं। शैक्षणिक संस्थाओं के अधिक दूर होने के कारण यहाँ की लड़कियाँ विशेष रूप से सुरक्षा कारणों से अपनी **पढ़ाई** बीच में ही छोड़ देती हैं।

महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करती हूँ कि यहाँ पर एक डिग्री कॉलेज स्थापित किया जाए अथवा पारू प्रखण्ड के खुंटाही में स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय या माध्यमिक विद्यालय को डिग्री कॉलेज में उत्क्रमित किया जाए।

हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी की मुख्य योजनाओं में उच्च शिक्षा शामिल है। मैं सरकार से यही मांग करती हूँ।